Dainik Navjyoti, Jaipur	23 Dec. 2018	Page No. 08

डिजाइन शिक्षा में मिलेगी विशेष पढ़ाई

जेकेएलयू ने इंस्टीएट्यूट ऑफडिजाइन को किया लांच

जयपुर । जेके लक्ष्मीपत विश्वविद्यालय ने इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन कोर्स लांच किया है, जिसमें विशेष शिक्षा के साथ बैचलर ऑफ डिजाइन

(बीडीईएस) की डिग्री प्रदान की जाएगी। यह 4 साल का डिग्री होगी, जिसको यूजीसी, केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है। इसमें छात्रों को अपने कक्षा में उद्योग का अनुभव करने का अवसर प्रदान करेगा, जिससे कार्यक्रम पूरा करने के बाद लोगों के बीच अपने इस अनुभव को बांटने के लिए तैयार हो जाएंगे। इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी और बिजनेस मैनेजमेंट में अपने कार्यक्रमों के पूरक के रूप में, जयपुर स्थित अकादमिक संस्थान में बीडीएस की डिग्री प्रोडक्ट डिजाइन, इंटरैक्शन डिजाइन और इंटरडिसिप्लिनरी डिजाइन में विशेषज्ञता प्रदान करेगी। जेकेएलयू डिजाइन इंस्टीट्यूट के डीन प्रोफेसर ए.बालासुब्रमण्यम ने कहा कि हम शिक्षा के क्षेत्र में एक ताजा, नया दृष्टिकोण लाने का लक्ष्य रख रहे हैं, जो प्रकृति के प्रति सहयोगी है और प्रक्रिया में एकीकृत है। यह नए-डिजाइनर के लिए अद्वितीय और प्रासंगिक दोनों है, जो भी स्टूडियो में काम कर रहा है, प्रयोगशालाओं में प्रयोग कर रहा है और बोर्ड रूम में पेश करता है। इस मौके पर कुलपति डॉ. आर एल रैना, यूजर एक्सपीरिएंस के उपाध्यक्ष जय दत्ता, अभिमन्यु नोहवार, आशीष गुप्ता सहित अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किए।